Q.166 Consider a car moving in a circular path with constant speed. Which of the following correctly describes the forces acting on the car?

नियत चाल से वृत्तीय पथ पर गति कर रही एक कार पर विचार कीजिए। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प कार पर कार्यरत बलों का सही वर्णन करता है?

(1) **Normal reaction (N)- Weight of the car(mg)=0 and frictional force(f)= centripetal force / अभिलंब प्रतिक्रिया (N)- कार का भार(mg)=0 और घर्षण बल(f)= अभिकेंद्र बल ✔**

(2) Weight of the car(mg)+½ Normal reaction (N)=0 and Frictional force(f)+ centripetal force=0 / कार का भार(mg)+½ अभिलंब प्रतिक्रिया (N)=0 और घर्षण बल(f)+ अभिकेंद्र बल=0

(3) Weight of the car(mg)+ Normal reaction (N) + Frictional force(f)=0 / कार का भार(mg)+ अभिलंब प्रतिक्रिया (N) + घर्षण बल(f)=0

(4) Weight of the car(mg)+ centripetal force=0 and Frictional force(f)+ Normal reaction N)=0 / कार का भार(mg)+ अभिकेंद्र बल=0 और घर्षण बल(f)+ अभिलंब प्रतिक्रिया N)=0

Q.167 If a player in volleyball game exerts a force of 1000 N on the volleyball for 0.5 s, the impulse experienced by the ball is _____.

यदि वॉलीबॉल खेल में एक खिलाड़ी वॉलीबॉल पर 0.5 s के लिए 1000 N का बल लगाता है, तो गेंद द्वारा अनुभव किया गया आवेग _____ है।

(1) **500 N s ✔**

(2) 2000 N/s

(3) 1000 N s

(4) −1000 N

Q.168 Which of the following is NOT true about multiplication of a vector by a real number?

किसी सदिश को किसी वास्तविक संख्या से गुणा करने के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है?

(1) **It produces a scalar quantity. / यह एक अदिश राशि उत्पन्न करता है। ✔**

(2) Its direction can change depending on the sign of the number. / संख्या के चिह्न के आधार पर इसकी दिशा बदल सकती है।

(3) Its magnitude is scaled by the real number. / इसका परिमाण वास्तविक संख्या द्वारा मापित (स्केल) होता है।

(4) The result is always a vector. / परिणाम सदैव एक सदिश होता है।

Q.169 _____ quantities follow parallelogram law of addition due to their _____ dependence.

_____ राशियाँ अपनी _____ निर्भरता के कारण योग के समांतर चतुर्भुज नियम का पालन करती हैं।

(1) Vector; magnitude / सदिश; परिमाण

(2) Scalar; magnitude / अदिश; परिमाण

(3) Vector; direction / सदिश; दिशा ✔

(4) Scalar; direction / अदिश; दिशा

Q.170 As per the Aristotle's fallacy concerning motion, what is required to keep an object moving at a uniform velocity?

गति से संबंधित अरस्तू की भ्रांति के अनुसार, किसी वस्तु को एकसमान वेग से गतिमान रखने के लिए क्या आवश्यक है?

(1) A continuous external force is required to counteract the opposing force of gravity. / गुरुत्व के विरोधी बल का प्रतिकार करने के लिए एक सतत बाह्य बल आवश्यक है।

(2) No external force is required, as the object's natural state is uniform in motion. / किसी बाह्य बल की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वस्तु की प्राकृतिक अवस्था एकसमान गति है।

(3) The force applied must be greater than the mass of the object. / लगाया गया बल वस्तु के द्रव्यमान से अधिक होना चाहिए।

(4) An external force is required to keep a body in motion. / किसी पिंड को गतिमान रखने के लिए एक बाह्य बल आवश्यक है। ✔

Q.171 Which of the following is NOT a kinematic equation for uniformly accelerated motion?

निम्नलिखित में से कौन-सा एकसमान त्वरित गति का शुद्धगतिक समीकरण नहीं है?

(1) $v = x_0 + v_0t + 1/2\ at^2$ ✔

(2) $v = v_0 + at$

(3) $x = x_0 + v_0t + 1/2\ at^2$

(4) $v^2 = v_0^{\ 2} + 2a\ (x-x_0)$

Q.172 A vector is given by $\vec{A} = 3\hat{i} + 4\hat{j}$. Which of the following correctly represents the unit vector in the direction of $\vec{A}$?

एक सदिश $\vec{A} = 3\hat{i} + 4\hat{j}$ द्वारा दिया गया है। निम्नलिखित में से कौन-सा $\vec{A}$ की दिशा में इकाई सदिश को सही रूप में निरूपित करता है?

(1) $5\hat{k}$

(2) $3\hat{i} + 4\hat{j}$

(3) $(3/5)\hat{i} + (4/5)\hat{j}$ ✔

(4) $(4/5)\hat{i} + (3/5)\hat{j}$

Q.173 Which of the following is the magnitude of the resultant (R) of two concurrent vectors (A and B) with an angle θ between them?

दो संगामी सदिशों (A और B), जिनके बीच कोण θ है, के परिणामी (R) का परिमाण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(1) $R = \sqrt{(A^2 + B^2 + 2\ AB\ Sin\ \theta)}$

(2) $R = \sqrt{(A^2 + B^2 - 2\ AB\ Sin\ \theta)}$

(3) $R = \sqrt{(A^2 + B^2 + 2\ AB\ Cos\ \theta)}$ ✔

(4) $R = \sqrt{(A^2 + B^2 - 2\ AB\ Cos\ \theta)}$

Q.174 A vehicle moves 5 km north, then reverses and travels 3 km south, all along a straight line. What is the path length during the entire trip?

एक वाहन एक सीधी रेखा में 5 km उत्तर की ओर चलता है, फिर वापस मुड़कर 3 km दक्षिण की ओर चलता है। पूरी यात्रा के दौरान पथ की लंबाई कितनी है?

(1) 2 km

(2) 8 km ✔

(3) 5 km

(4) 3 km

Q.175 Newton's second law of motion is mathematically derived using the relation between:

न्यूटन का गति का द्वितीय नियम गणितीय रूप से किनके बीच के संबंध का उपयोग करके व्युत्पन्न किया जाता है:

(1) rate of change of momentum and force / संवेग परिवर्तन की दर और बल ✔

(2) mass and acceleration only / केवल द्रव्यमान और त्वरण

(3) force and displacement / बल और विस्थापन

(4) impulse and displacement / आवेग और विस्थापन

Q.176 Which of the following statements about the motion of a body is/are correct?

Statement A: An object moving at a constant speed in a straight line may still have acceleration.

Statement B: An object can have zero velocity at an instant but still possess non-zero acceleration.

किसी पिंड की गति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन A: एक सीधी रेखा में नियत चाल से गतिमान वस्तु में फिर भी त्वरण हो सकता है।

कथन B: किसी क्षण पर एक वस्तु का वेग शून्य हो सकता है, परंतु फिर भी उसका त्वरण शून्येतर हो सकता है।

(1) Neither Statement A nor B is correct / न तो कथन A और न ही B सही है

(2) Both Statements A and B are correct / कथन A और B दोनों सही हैं

(3) Only Statement B is correct / केवल कथन B सही है ✔

(4) Only Statement A is correct / केवल कथन A सही है

Q.177 For a car of mass m moving at constant speed v in a horizontal circular path of radius r, the net force F on the car is:

त्रिज्या r के क्षैतिज वृत्तीय पथ पर नियत चाल v से गतिमान द्रव्यमान m की एक कार के लिए, कार पर नेट बल F है:

(1) mv^2/r directed away from the centre / mv^2/r, केंद्र से दूर की ओर निर्देशित

(2) mg downward / mg, नीचे की ओर

(3) zero / शून्य

(4) mv^2/r directed towards the centre / mv^2/r, केंद्र की ओर निर्देशित ✔

Q.178 When a man is 6 m away from the door of a train standing on platform, the train just starts to move with an acceleration of 3 m/s^2. The man starts to run and catch the train after 4 s. The man runs with an acceleration (in m/s^2) of:

जब एक व्यक्ति प्लेटफॉर्म पर खड़ी रेलगाड़ी के दरवाजे से 6 m दूर है, तभी रेलगाड़ी 3 m/s^2 के त्वरण से चलना शुरू करती है। व्यक्ति दौड़ना शुरू करता है और 4 s बाद रेलगाड़ी पकड़ लेता है। व्यक्ति किस त्वरण (m/s^2 में) से दौड़ता है:

(1) 4.5

(2) 4

(3) 3.75 ✔

(4) 3

Q.179 Two particles are moving with velocities given by $\vec{v}_1 = 3\hat{i} + 4\hat{j}$ m/s and $\vec{v}_2 = a\hat{i} + b\hat{j}$ m/s.
If both particles have the same velocity, what is the magnitude of the vector sum $\vec{v}_1 + \vec{v}_2$?
दो कण $\vec{v}_1 = 3\hat{i} + 4\hat{j}$ m/s और $\vec{v}_2 = a\hat{i} + b\hat{j}$ m/s द्वारा दिए गए वेगों से गतिमान हैं।
यदि दोनों कणों का वेग समान है, तो सदिश योग $\vec{v}_1 + \vec{v}_2$ का परिमाण क्या है?

(1) 14 m/s
(2) 7 m/s
(3) 5 m/s
(4) **10 m/s ✔**

Q.180 What will be the maximum acceleration of the train in which a person standing on its floor will remain stationary? (The co-efficient of static friction between the person and the train's floor is 0.15, and the value of g = 10 m/s^2.)
रेलगाड़ी का वह अधिकतम त्वरण कितना होगा जिस पर उसके फर्श पर खड़ा व्यक्ति स्थिर रहेगा? (व्यक्ति और रेलगाड़ी के फर्श के बीच स्थैतिक घर्षण गुणांक 0.15 है, और g का मान = 10 m/s^2 है।)

(1) 15 m/s^2
(2) 0.15 m/s^2
(3) **1.5 m/s^2 ✔**
(4) 0.015 m/s^2

Q.181 In a uniform magnetic field, if a particle moves at an angle (θ) with the field, the radius of the circular motion depends on:
एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में, यदि कोई कण क्षेत्र से कोण (θ) पर गति करता है, तो वृत्तीय गति की त्रिज्या किस पर निर्भर करती है:

(1) the total velocity / कुल वेग
(2) **the component of velocity perpendicular to the field / क्षेत्र के लंबवत वेग का घटक ✔**
(3) the component of velocity parallel to the field / क्षेत्र के समांतर वेग का घटक
(4) the field direction only / केवल क्षेत्र की दिशा

Q.182 The slope of the stopping potential vs frequency graph is useful for determining:
निरोधी विभव बनाम आवृत्ति ग्राफ की प्रवणता किसे निर्धारित करने के लिए उपयोगी है:

(1) the threshold frequency / देहली आवृत्ति
(2) **Planck's constant / प्लांक नियतांक ✔**
(3) the work function of the material / पदार्थ का कार्य फलन
(4) the electron mass / इलेक्ट्रॉन का द्रव्यमान

Q.183 _____ were used in the Geiger-Marsden experiment to study the nature of the atomic nucleus.
परमाणु नाभिक की प्रकृति का अध्ययन करने के लिए गाइगर-मार्सडेन प्रयोग में _____ का उपयोग किया गया था।

(1) Gold particles / स्वर्ण कणों
(2) γ-rays / γ-किरणों
(3) **Alpha particles / ऐल्फा कणों ✔**
(4) Beta particles / बीटा कणों

Q.184 Which of the following is NOT the correct use of cyclotron?

निम्नलिखित में से कौन-सा साइक्लोट्रॉन का सही उपयोग नहीं है?

(1) Used to bombard atomic nuclei / परमाणु नाभिकों पर बमबारी करने के लिए उपयोग किया जाता है

(2) Used in radiation therapy / विकिरण चिकित्सा में उपयोग किया जाता है

(3) Used in medical imaging as a diagnostic tool / चिकित्सीय इमेजिंग में नैदानिक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाता है

(4) Studying the atmospheric cyclones / वायुमंडलीय चक्रवातों का अध्ययन ✔

Q.185 According to Ampere's circuital law, the line integral of the magnetic field around a closed path is directly related to which of the following?

ऐम्पियर के परिपथीय नियम के अनुसार, किसी बंद पथ के परितः चुंबकीय क्षेत्र का रेखा समाकल निम्नलिखित में से किससे प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है?

(1) Potential difference across the loop / लूप के सिरों के बीच विभवांतर

(2) Strength of the electric field / विद्युत क्षेत्र की प्रबलता

(3) Net current passing through the enclosed loop / परिबद्ध लूप से गुजरने वाली नेट धारा ✔

(4) Amount of charge per unit volume / प्रति एकांक आयतन आवेश की मात्रा

Q.186 A material with a narrow hysteresis loop is most suitable for:

संकीर्ण शैथिल्य लूप वाला पदार्थ किसके लिए सबसे उपयुक्त है:

(1) magnetic recording media / चुंबकीय रिकॉर्डिंग माध्यम

(2) transformer cores / ट्रांसफॉर्मर क्रोड ✔

(3) permanent magnets / स्थायी चुंबक

(4) electromagnets requiring high field strength / उच्च क्षेत्र प्रबलता वाले विद्युतचुंबक

Q.187 A magnetic needle is placed in a uniform magnetic field, making an angle with the direction of the field. Which of the following does the magnetic needle experience?

एक चुंबकीय सुई को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में, क्षेत्र की दिशा से एक कोण बनाते हुए रखा गया है।
चुंबकीय सुई निम्नलिखित में से क्या अनुभव करती है?

(1) Only torque and no net force / केवल बल आघूर्ण और कोई नेट बल नहीं ✔

(2) No torque and no net force / न बल आघूर्ण और न ही नेट बल

(3) Torque and a net force / बल आघूर्ण और नेट बल

(4) Only force but no torque / केवल बल परंतु कोई बल आघूर्ण नहीं

Q.188 On doubling both the length and width of a rectangular loop (keeping current and magnetic field same), the torque 'τ' at a given angle θ becomes:

किसी आयताकार लूप की लंबाई और चौड़ाई दोनों को दोगुना करने पर (धारा और चुंबकीय क्षेत्र को समान रखते हुए), किसी दिए गए कोण θ पर बल आघूर्ण 'τ' हो जाता है:

(1) 8τ

(2) 4τ ✔

(3) τ

(4) 2τ

Q.189 The wave number of a spectral line corresponds to:

किसी स्पेक्ट्रमी रेखा की तरंग संख्या किसके संगत होती है:

(1) the velocity of emitted photon / उत्सर्जित फोटॉन का वेग

(2) the energy difference between two levels / दो स्तरों के बीच ऊर्जा का अंतर

(3) the inverse of wavelength of the spectral line / स्पेक्ट्रमी रेखा की तरंगदैर्ध्य का व्युत्क्रम ✔

(4) the angular momentum of electron / इलेक्ट्रॉन का कोणीय संवेग

Q.190 Magnetic susceptibility of a material is a measure of which property?

किसी पदार्थ की चुंबकीय प्रवृत्ति किस गुण की माप है?

(1) How strongly it reacts to an external magnetic field / यह किसी बाह्य चुंबकीय क्षेत्र के प्रति कितनी प्रबलता से प्रतिक्रिया करता है ✔

(2) How well it allows electric current to pass / यह विद्युत धारा को कितनी अच्छी तरह प्रवाहित होने देता है

(3) How much gravitational force it produces / यह कितना गुरुत्वाकर्षण बल उत्पन्न करता है

(4) How much it resists the flow of electric charge / यह विद्युत आवेश के प्रवाह का कितना विरोध करता है

Q.191 Which phenomenon observed by Heinrich Hertz provided experimental evidence for the emission of electrons when light falls on a metal surface?

हाइनरिख हर्ट्ज़ द्वारा प्रेक्षित किस परिघटना ने धातु की सतह पर प्रकाश पड़ने पर इलेक्ट्रॉनों के उत्सर्जन का प्रायोगिक प्रमाण प्रदान किया?

(1) Emission of electrons due to heating / गर्म करने के कारण इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन

(2) Emission due to collision with other particles / अन्य कणों के साथ संघट्ट के कारण उत्सर्जन

(3) Emission caused by incident light (photoelectric effect) / आपतित प्रकाश के कारण उत्सर्जन (प्रकाश-विद्युत प्रभाव) ✔

(4) Emission under a strong electric field / प्रबल विद्युत क्षेत्र के अंतर्गत उत्सर्जन

Q.192 An electron of charge (−e) and mass (m_e) enters a region with cross uniform fields. $\vec{E} = E\,\hat{j}$, and $\vec{B} = B\,\hat{k}$; $\vec{v} = v_x\,\hat{i}$. Which of the following statements describe the trajectory of the electron in the field?

आवेश (−e) और द्रव्यमान (m_e) वाला एक इलेक्ट्रॉन परस्पर लंबवत एकसमान क्षेत्रों वाले एक प्रदेश में प्रवेश करता है। $\vec{E} = E\,\hat{j}$, और $\vec{B} = B\,\hat{k}$; $\vec{v} = v_x\,\hat{i}$. निम्नलिखित में से कौन-से कथन क्षेत्र में इलेक्ट्रॉन के प्रक्षेप-पथ का वर्णन करते हैं?

(1) Straight line motion along the x-axis if $v_x = E/B$. / यदि $v_x = E/B$ हो, तो x-अक्ष के अनुदिश सरल रेखीय गति। ✔

(2) Cycloidal trajectory in the xy-plane for all the values of v_x. / v_x के सभी मानों के लिए xy-तल में चक्रजीय (साइक्लॉयडल) प्रक्षेप-पथ।

(3) Uniform circular motion in the xy-plane. / xy-तल में एकसमान वृत्तीय गति।

(4) Helical motion around the z-axis. / z-अक्ष के परितः कुंडलिनी (हेलिकल) गति।

Q.193 A square wire loop of side 0.3 m carries a current of 5 A. What is the magnetic dipole moment of the loop?

0.3 m भुजा वाले एक वर्गाकार तार लूप में 5 A की धारा प्रवाहित हो रही है। लूप का चुंबकीय द्विध्रुव आघूर्ण कितना है?

(1) 0.90 A·m²

(2) 0.25 A·m²

(3) 0.45 A·m² ✔

(4) 0.75 A·m²

Q.194 A uniform magnetic field of magnitude 0.36 T passes through a closed spherical surface. What is the total magnetic flux through the surface?

0.36 T परिमाण का एक एकसमान चुंबकीय क्षेत्र एक बंद गोलीय पृष्ठ से होकर गुजरता है। पृष्ठ से होकर कुल चुंबकीय फ्लक्स कितना है?

(1) 0.18 Weber / 0.18 वेबर

(2) 0.36 Weber / 0.36 वेबर

(3) 0 Weber / 0 वेबर ✔

(4) 0.9 Weber / 0.9 वेबर

Q.195 Two particles, each with a mass of 2 kg, are located at points (2, 0) and (0, 2) in the XY-plane. What is the distance of their common centre of mass from the origin?

दो कण, जिनमें से प्रत्येक का द्रव्यमान 2 kg है, XY-तल में बिंदुओं (2, 0) और (0, 2) पर स्थित हैं। मूल बिंदु से उनके उभयनिष्ठ द्रव्यमान केंद्र की दूरी कितनी है?

(1) 1 m

(2) **√2 m ✔**

(3) 2 m

(4) 2√2 m

Q.196 Which of the following statements is correct about the magnetic intensity of the Earth?

पृथ्वी की चुंबकीय तीव्रता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) The magnetic intensity is independent of the location on Earth. / चुंबकीय तीव्रता पृथ्वी पर स्थान से स्वतंत्र होती है।

(2) The magnetic intensity is zero at poles. / ध्रुवों पर चुंबकीय तीव्रता शून्य होती है।

(3) **The magnetic intensity varies with latitude. / चुंबकीय तीव्रता अक्षांश के साथ परिवर्तित होती है। ✔**

(4) The magnetic intensity is maximum at the equator. / विषुवत रेखा पर चुंबकीय तीव्रता अधिकतम होती है।

Q.197 Three particles with masses 1 kg, 1 kg and 2 kg are placed at coordinates (0, 0, 0), (0, 2, 0), and (0, 4, 0), respectively. What is the y-coordinate of their centre of mass?

1 kg, 1 kg और 2 kg द्रव्यमान वाले तीन कण क्रमशः निर्देशांकों (0, 0, 0), (0, 2, 0) और (0, 4, 0) पर रखे गए हैं। उनके द्रव्यमान केंद्र का y-निर्देशांक क्या है?

(1) 2 m

(2) 3 m

(3) 1.5 m

(4) **2.5 m ✔**

Q.198 In the context of the photoelectric effect, if the intensity of incident light is increased while keeping its frequency above the threshold, which of the following changes is observed?

प्रकाश-विद्युत प्रभाव के संदर्भ में, यदि आपतित प्रकाश की आवृत्ति को देहली से ऊपर रखते हुए उसकी तीव्रता बढ़ाई जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन देखा जाता है?

(1) The maximum kinetic energy of the emitted electrons increases. / उत्सर्जित इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है।

(2) **More electrons are emitted from the metal surface per second. / धातु की सतह से प्रति सेकंड अधिक इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं। ✔**

(3) The threshold frequency of the material is reduced. / पदार्थ की देहली आवृत्ति कम हो जाती है।

(4) The work function of the metal decreases. / धातु का कार्य फलन घट जाता है।

Q.199 Which of the following statements about the photoelectric effect is correct?

प्रकाश-विद्युत प्रभाव के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) Electrons are emitted only if light is monochromatic. / इलेक्ट्रॉन केवल तभी उत्सर्जित होते हैं जब प्रकाश एकवर्णी हो।

(2) Electrons are emitted regardless of light frequency. / प्रकाश की आवृत्ति चाहे जो हो, इलेक्ट्रॉन उत्सर्जित होते हैं।

(3) **Electrons are emitted only if light frequency exceeds a threshold. / इलेक्ट्रॉन केवल तभी उत्सर्जित होते हैं जब प्रकाश की आवृत्ति एक देहली मान से अधिक हो। ✔**

(4) Electrons are emitted only if light intensity exceeds a threshold. / इलेक्ट्रॉन केवल तभी उत्सर्जित होते हैं जब प्रकाश की तीव्रता एक देहली मान से अधिक हो।

QuickSarkari.com | WhatsApp Channel | Telegram: t.me/quick_sarkari

Q.200 In the expression for the torque on a current-carrying loop, $\tau = IBA\sin\theta$, what does the angle θ represent?

धारावाही लूप पर बल आघूर्ण के व्यंजक $\tau = IBA\sin\theta$ में, कोण θ क्या दर्शाता है?

(1) Angle between the normal to the plane of the loop and the magnetic field / लूप के तल के अभिलंब और चुंबकीय क्षेत्र के बीच का कोण ✔

(2) Angle between the direction of current and the magnetic field / धारा की दिशा और चुंबकीय क्षेत्र के बीच का कोण

(3) Angle between the adjacent sides of the loop / लूप की आसन्न भुजाओं के बीच का कोण

(4) Angle between the magnetic moment of the loop and the magnetic field / लूप के चुंबकीय आघूर्ण और चुंबकीय क्षेत्र के बीच का कोण

Q.201 The energy required to completely split the nucleus $^{A}_{Z}X$ into its constituent protons and neutrons is:

नाभिक $^{A}_{Z}X$ को उसके घटक प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों में पूर्णतः विभाजित करने के लिए आवश्यक ऊर्जा है:

(1) less than the binding energy of the nucleus / नाभिक की बंधन ऊर्जा से कम

(2) $m(^{A}_{Z}X)\,C^2$, where $m(^{A}_{Z}X)$ is the mass of the nucleus / $m(^{A}_{Z}X)\,C^2$, जहाँ $m(^{A}_{Z}X)$ नाभिक का द्रव्यमान है

(3) equal to or greater than the binding energy of the nucleus / नाभिक की बंधन ऊर्जा के बराबर या उससे अधिक ✔

(4) $[Z\,m(^{1}_{1}H) + N\,m(n)]c^2$, where $m(^{1}_{1}H)$ is the proton mass, m(n) is neutron mass and N is the number of neutron / $[Z\,m(^{1}_{1}H) + N\,m(n)]c^2$, जहाँ $m(^{1}_{1}H)$ प्रोटॉन का द्रव्यमान है, m(n) न्यूट्रॉन का द्रव्यमान है और N न्यूट्रॉनों की संख्या है

Q.202 When rays parallel to principal axis of a concave mirror get reflected:

जब अवतल दर्पण के मुख्य अक्ष के समांतर किरणें परावर्तित होती हैं, तो:

(1) they converge at a point on the principal axis known as the focal point / वे मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं, जिसे फोकस बिंदु कहते हैं ✔

(2) they converge at a point not on the principal axis known as the focal point / वे मुख्य अक्ष पर स्थित न होने वाले एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं, जिसे फोकस बिंदु कहते हैं

(3) they converge at a point on the principal axis known as the centre of curvature / वे मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं, जिसे वक्रता केंद्र कहते हैं

(4) they converge at a point not on the principal axis known as the centre of curvature / वे मुख्य अक्ष पर स्थित न होने वाले एक बिंदु पर अभिसरित होती हैं, जिसे वक्रता केंद्र कहते हैं

Q.203 A convex mirror has a focal length of 25 cm. An object is placed 75 cm in front of the mirror. The position of the image is:

एक उत्तल दर्पण की फोकस दूरी 25 cm है। एक वस्तु दर्पण के सामने 75 cm पर रखी गई है। प्रतिबिंब की स्थिति है:

(1) 12.5 cm behind the mirror / दर्पण के पीछे 12.5 cm

(2) 25 cm behind the mirror / दर्पण के पीछे 25 cm

(3) 37.5 cm in front of the mirror / दर्पण के सामने 37.5 cm

(4) 18.75 cm behind the mirror / दर्पण के पीछे 18.75 cm ✔

Q.204 A point on the edge of a rotating circular disk travels a distance of 3 m along the circumference in 2 seconds. If the radius of the disk is 0.6 m, what is the angular displacement covered during this time?

एक घूर्णन करती वृत्ताकार डिस्क के किनारे पर स्थित एक बिंदु 2 सेकंड में परिधि के अनुदिश 3 m की दूरी तय करता है। यदि डिस्क की त्रिज्या 0.6 m है, तो इस समय के दौरान तय किया गया कोणीय विस्थापन कितना है?

(1) 10 rad

(2) 5 rad ✔

(3) 3.6 rad

(4) 1.2 rad

Q.205 Which of the following conditions is NOT applicable for total internal reflection?

पूर्ण आंतरिक परावर्तन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त लागू नहीं होती है?

(1) The angle of incidence should be equal to or greater than the critical angle. / आपतन कोण क्रांतिक कोण के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए।

(2) Light should travel from denser to rarer medium. / प्रकाश को सघन से विरल माध्यम में जाना चाहिए।

(3) No transmission of light takes place. / प्रकाश का कोई पारगमन नहीं होता है।

(4) The angle of incidence should be less than the critical angle. / आपतन कोण क्रांतिक कोण से कम होना चाहिए। ✔

Q.206 A diver jumps off a springboard with his body straight and arms stretched out. When he pulls his arms and legs inward, his spin rate _____.

एक गोताखोर अपने शरीर को सीधा और भुजाओं को फैलाकर स्प्रिंगबोर्ड से कूदता है। जब वह अपनी भुजाओं और पैरों को भीतर की ओर खींचता है, तो उसकी घूर्णन दर _____।

(1) decreases / घट जाती है

(2) becomes zero / शून्य हो जाती है

(3) increases / बढ़ जाती है ✔

(4) remains the same / समान रहती है

Q.207 The number of nuclei N(t) remaining in a radioactive sample at time t is given in terms of the initial number of nuclei N_0 and the decay constant λ by:

किसी रेडियोऐक्टिव नमूने में समय t पर शेष नाभिकों की संख्या N(t), नाभिकों की प्रारंभिक संख्या N_0 और क्षय नियतांक λ के पदों में किसके द्वारा दी जाती है:

(1) $\mathbf{N(t)=N_0e^{-\lambda t}}$ **✔**

(2) $N(t)=N_0(1-\lambda t)$

(3) $N(t)=N_0(1+\lambda t)$

(4) $N(t)=N_0e^{\lambda t}$

Q.208 Why does the photocurrent in a photoelectric experiment reach saturation?

प्रकाश-विद्युत प्रयोग में प्रकाश-विद्युत धारा संतृप्ति पर क्यों पहुँच जाती है?

(1) Stopping potential is reached. / निरोधी विभव प्राप्त हो जाता है।

(2) All electrons emitted are collected at the anode. / उत्सर्जित सभी इलेक्ट्रॉन ऐनोड पर एकत्रित हो जाते हैं। ✔

(3) Electrons lose energy in transit. / इलेक्ट्रॉन मार्ग में ऊर्जा खो देते हैं।

(4) Light intensity becomes maximum. / प्रकाश की तीव्रता अधिकतम हो जाती है।

Q.209 A solid block, assumed to be a rigid body, moves along a frictionless horizontal surface. Considering the block as rigid, which of the following statements best explains its translational motion?

एक ठोस गुटका, जिसे दृढ़ पिंड माना गया है, एक घर्षणरहित क्षैतिज सतह पर गति करता है। गुटके को दृढ़ मानते हुए, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसकी स्थानांतरीय गति की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?

(1) The block remains at rest and does not translate at all. / गुटका विरामावस्था में रहता है और बिल्कुल भी स्थानांतरित नहीं होता है।

(2) Each particle of the block moves with the same velocity at a given instant, and the motion can be represented by the motion of its centre of mass. / किसी दिए गए क्षण पर गुटके का प्रत्येक कण समान वेग से गति करता है, और गति को इसके द्रव्यमान केंद्र की गति द्वारा निरूपित किया जा सकता है। ✔

(3) The translational motion of the block depends only on external torque and not on external force. / गुटके की स्थानांतरीय गति केवल बाह्य बल आघूर्ण पर निर्भर करती है, बाह्य बल पर नहीं।

(4) Each particle of the block moves with different velocities but the same acceleration. / गुटके का प्रत्येक कण भिन्न-भिन्न वेगों परंतु समान त्वरण से गति करता है।

Q.210 According to the De-Broglie concept of matter waves, which of the following entities can exhibit wave-like behaviour?

द्रव्य तरंगों की दे-ब्रॉग्ली अवधारणा के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी सत्ताएँ तरंग जैसा व्यवहार प्रदर्शित कर सकती हैं?

(1) All particles that are moving / सभी गतिमान कण ✔

(2) Only particles of light such as photons / केवल प्रकाश के कण, जैसे फोटॉन

(3) Only electrons in motion / केवल गतिमान इलेक्ट्रॉन

(4) Only electrons that are at rest / केवल विरामावस्था में स्थित इलेक्ट्रॉन

Q.211 According to Bohr's theory, the frequency of the emitted photon is determined by:

बोर के सिद्धांत के अनुसार, उत्सर्जित फोटॉन की आवृत्ति किसके द्वारा निर्धारित होती है:

(1) the difference of total energies of initial and final orbits divided by Planck's constant / प्रारंभिक और अंतिम कक्षाओं की कुल ऊर्जाओं के अंतर को प्लांक नियतांक से विभाजित करके ✔

(2) the difference of angular momenta of initial and final orbits / प्रारंभिक और अंतिम कक्षाओं के कोणीय संवेगों का अंतर

(3) the sum of energies of initial and final orbits divided by Planck's constant / प्रारंभिक और अंतिम कक्षाओं की ऊर्जाओं के योग को प्लांक नियतांक से विभाजित करके

(4) the difference of kinetic energies of initial and final orbits / प्रारंभिक और अंतिम कक्षाओं की गतिज ऊर्जाओं का अंतर

Q.212 The ratio of De-Broglie wavelengths of two particles of equal mass having kinetic energies K and 4K is _____.

समान द्रव्यमान वाले दो कणों, जिनकी गतिज ऊर्जाएँ K और 4K हैं, की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्यों का अनुपात _____ है।

(1) 1 : 4

(2) 2 : 1 ✔

(3) 1 : 2

(4) 4 : 1

Q.213 If two equal masses are placed at two points equidistant from the origin, then the centre of mass lies:

यदि दो समान द्रव्यमानों को मूल बिंदु से समदूरस्थ दो बिंदुओं पर रखा जाए, तो द्रव्यमान केंद्र स्थित होता है:

(1) at one of the masses / किसी एक द्रव्यमान पर

(2) midway but shifted towards the heavier mass / मध्य में परंतु भारी द्रव्यमान की ओर खिसका हुआ

(3) at infinity / अनंत पर

(4) at the origin / मूल बिंदु पर ✔

Q.214 In a hydrogen atom, the radius of the first Bohr orbit is approximately 0.5 Å. Based on Bohr's model, what would be the radius of the third orbit?

हाइड्रोजन परमाणु में, प्रथम बोर कक्षा की त्रिज्या लगभग 0.5 Å है। बोर के मॉडल के आधार पर, तीसरी कक्षा की त्रिज्या कितनी होगी?

(1) 1.5 Å

(2) 4.5 Å ✔

(3) 1.0 Å

(4) 2.5 Å

Q.215 If the torque acting on a body is zero, then according to the equation of rotational motion, the:

यदि किसी पिंड पर कार्यरत बल आघूर्ण शून्य है, तो घूर्णी गति के समीकरण के अनुसार:

(1) angular momentum is conserved / कोणीय संवेग संरक्षित रहता है ✔

(2) angular acceleration is infinite / कोणीय त्वरण अनंत होता है

(3) angular velocity is zero / कोणीय वेग शून्य होता है

(4) moment of inertia decreases / जड़त्व आघूर्ण घटता है

Q.216 Which of the following statements is true in case of stopping potential for a given photosensitive material?

किसी दिए गए प्रकाश-सुग्राही पदार्थ के लिए निरोधी विभव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) The stopping potential increases exponentially with the frequency of the incident radiation. / निरोधी विभव आपतित विकिरण की आवृत्ति के साथ चरघातांकी रूप से बढ़ता है।

(2) The stopping potential increases linearly with the intensity of the incident radiation. / निरोधी विभव आपतित विकिरण की तीव्रता के साथ रैखिक रूप से बढ़ता है।

(3) The stopping potential increases linearly with the frequency of the incident radiation. / निरोधी विभव आपतित विकिरण की आवृत्ति के साथ रैखिक रूप से बढ़ता है। ✔

(4) The stopping potential is independent of the frequency of the incident radiation. / निरोधी विभव आपतित विकिरण की आवृत्ति से स्वतंत्र होता है।

Q.217 Which of the following is a common practical use of Polaroid filters?

निम्नलिखित में से कौन-सा पोलेरॉइड फिल्टरों का एक सामान्य व्यावहारिक उपयोग है?

(1) Minimising reflected glare in sunglasses / धूप के चश्मों में परावर्तित चकाचौंध को कम करना ✔

(2) Producing laser light / लेज़र प्रकाश उत्पन्न करना

(3) Amplifying the brightness of light / प्रकाश की चमक को प्रवर्धित करना

(4) Determining the wavelength of light / प्रकाश की तरंगदैर्ध्य निर्धारित करना

Q.218 If the angular acceleration of a rotating body is zero, then the:

यदि किसी घूर्णन करते पिंड का कोणीय त्वरण शून्य है, तो:

(1) angular velocity is zero / कोणीय वेग शून्य होता है

(2) torque is infinite / बल आघूर्ण अनंत होता है

(3) angular velocity is constant / कोणीय वेग नियत होता है ✔

(4) moment of inertia is zero / जड़त्व आघूर्ण शून्य होता है

Q.219 The reddish appearance of the Sun just before sunset is mainly due to:

सूर्यास्त से ठीक पहले सूर्य का लालिमायुक्त दिखाई देना मुख्यतः किसके कारण होता है:

(1) reflection of light from dust / धूल से प्रकाश का परावर्तन

(2) refraction of light by the atmosphere / वायुमंडल द्वारा प्रकाश का अपवर्तन

(3) dispersion of light / प्रकाश का विक्षेपण

(4) scattering of shorter wavelengths, leaving red light to reach the eye / छोटी तरंगदैर्ध्यों का प्रकीर्णन, जिससे लाल प्रकाश आँख तक पहुँचता है ✔

Q.220 If the angle of prism (A) = 60° and the angle of minimum deviation (D_m) = 70°, then the refractive index of the prism is approximately _____.

(Given that sin(65°) ≈ 0.906)

यदि प्रिज्म का कोण (A) = 60° और न्यूनतम विचलन कोण (D_m) = 70° है, तो प्रिज्म का अपवर्तनांक लगभग _____ है।

(दिया गया है कि sin(65°) ≈ 0.906)

(1) 1.6

(2) 1.5

(3) 1.8 ✔

(4) 1.2

Q.221 The speed of a travelling wave on a string depends mainly on which of the following factors?

किसी डोरी पर प्रगामी तरंग की चाल मुख्यतः निम्नलिखित में से किन कारकों पर निर्भर करती है?

(1) Frequency of the source producing the wave / तरंग उत्पन्न करने वाले स्रोत की आवृत्ति

(2) Properties of the medium such as tension and mass distribution / माध्यम के गुण, जैसे तनाव और द्रव्यमान वितरण ✔

(3) Length of the string / डोरी की लंबाई

(4) Amplitude of vibration / कंपन का आयाम

Q.222 Monochromatic light produces a diffraction pattern through a slit of width 0.45 mm. If the first minimum is observed at an angle of 0.001 rad, what is the wavelength of the light?

एकवर्णी प्रकाश 0.45 mm चौड़ाई की एक झिरी से विवर्तन पैटर्न उत्पन्न करता है। यदि प्रथम निम्निष्ठ 0.001 rad के कोण पर प्रेक्षित होता है, तो प्रकाश की तरंगदैर्ध्य कितनी है?

(1) 225 nm

(2) 900 nm

(3) 675 nm

(4) 450 nm ✔

Q.223 A longitudinal wave propagates in a medium along the Z-axis. The particles of the medium vibrate:

एक अनुदैर्ध्य तरंग किसी माध्यम में Z-अक्ष के अनुदिश संचरित होती है। माध्यम के कण कंपन करते हैं:

(1) along the X-axis / X-अक्ष के अनुदिश

(2) along the Y-axis / Y-अक्ष के अनुदिश

(3) in the X-Y plane / X-Y तल में

(4) along the Z-axis / Z-अक्ष के अनुदिश ✔

Q.224 Which conservation law led to the postulation of the neutrino in beta decay?

किस संरक्षण नियम के कारण बीटा क्षय में न्यूट्रिनो की परिकल्पना की गई?

(1) Conservation of momentum only / केवल संवेग संरक्षण

(2) Conservation of angular momentum and energy / कोणीय संवेग और ऊर्जा संरक्षण ✔

(3) Conservation of charge / आवेश संरक्षण

(4) Conservation of mass / द्रव्यमान संरक्षण

Q.225 In simple harmonic motion, the ratio of maximum potential energy to total energy is _____.

सरल आवर्त गति में, अधिकतम स्थितिज ऊर्जा और कुल ऊर्जा का अनुपात _____ है।

(1) 0.5

(2) 1 ✔

(3) 0

(4) infinite / अनंत

Q.226 Which of the following devices uses total internal reflection?

निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण पूर्ण आंतरिक परावर्तन का उपयोग करता है?

(1) Microscope / सूक्ष्मदर्शी

(2) Magnifying glass / आवर्धक लेंस

(3) Telescope / दूरदर्शक

(4) Endoscope / एंडोस्कोप ✔

Q.227 In a displacement-time graph, representing simple harmonic motion, how long does it take for the object to move from its maximum displacement to the mean (zero) position?

सरल आवर्त गति को दर्शाने वाले विस्थापन-समय ग्राफ में, वस्तु को अपने अधिकतम विस्थापन से माध्य (शून्य) स्थिति तक जाने में कितना समय लगता है?

(1) Half of the time period / आवर्तकाल का आधा

(2) One-fourth of the time period / आवर्तकाल का एक-चौथाई ✔

(3) One full time period / एक पूर्ण आवर्तकाल

(4) One-eighth of the time period / आवर्तकाल का एक-आठवाँ भाग

Q.228 Without Laplace's correction, the speed of sound in a liquid is underestimated because:

लाप्लास संशोधन के बिना, किसी द्रव में ध्वनि की चाल का मान कम आँका जाता है क्योंकि:

(1) surface tension is neglected / पृष्ठ तनाव की उपेक्षा की जाती है

(2) liquid expands adiabatically in reality / वास्तव में द्रव रुद्धोष्म रूप से प्रसारित होता है

(3) liquid compresses isothermally in reality / वास्तव में द्रव समतापीय रूप से संपीडित होता है

(4) liquid compresses adiabatically in reality / वास्तव में द्रव रुद्धोष्म रूप से संपीडित होता है ✔

Q.229 The displacement (x) of a particle executing simple harmonic motion is given by x(t) = aSin((π/4)t) + bCos((π/4)t)
(in m), where a = 3 m and b = 5 m. The amplitude (in m) and phase constant (in rad) is given by _____, respectively.

सरल आवर्त गति कर रहे एक कण का विस्थापन (x)
x(t) = aSin((π/4)t) + bCos((π/4)t)
(m में) द्वारा दिया जाता है, जहाँ a = 3 m और b = 5 m है। आयाम (m में) और कला नियतांक (rad में) क्रमशः _____ द्वारा दिए जाते हैं।

(1) $\sqrt{34}$ and $\tan^{-1}(5/3)$ / $\sqrt{34}$ और $\tan^{-1}(5/3)$ ✔

(2) 5 and $\tan^{-1}(5/4)$ / 5 और $\tan^{-1}(5/4)$

(3) 4 and $\tan^{-1}(4/5)$ / 4 और $\tan^{-1}(4/5)$

(4) $\sqrt{34}$ and $\tan^{-1}(3/5)$ / $\sqrt{34}$ और $\tan^{-1}(3/5)$

Q.230 Under which condition does a simple pendulum experience resonance?

किस स्थिति में एक सरल लोलक अनुनाद का अनुभव करता है?

(1) When the opposing (damping) force is strongest / जब विरोधी (अवमंदन) बल सबसे प्रबल होता है

(2) When the frequency of external force matches the pendulum's natural frequency / जब बाह्य बल की आवृत्ति लोलक की प्राकृतिक आवृत्ति के बराबर होती है ✔

(3) When the length of the pendulum is increased / जब लोलक की लंबाई बढ़ाई जाती है

(4) When the swinging motion has the smallest amplitude / जब दोलन गति का आयाम सबसे कम होता है

Q.231 How is the maximum kinetic energy (K_{max}) of a particle executing simple harmonic motion dependent on the amplitude a?

सरल आवर्त गति कर रहे किसी कण की अधिकतम गतिज ऊर्जा (K_{max}) आयाम a पर किस प्रकार निर्भर करती है?

(1) $K_{max} \propto a^3$

(2) $K_{max} \propto a^4$

(3) $K_{max} \propto a$

(4) $K_{max} \propto a^2$ ✔

Q.232 Two tuning forks emit sound at 250 Hz and 253 Hz, respectively. When sounded together, how many beats will be heard in 2 seconds?

दो स्वरित्र क्रमशः 250 Hz और 253 Hz की ध्वनि उत्सर्जित करते हैं। जब उन्हें एक साथ बजाया जाता है, तो 2 सेकंड में कितने विस्पंद सुनाई देंगे?

(1) 2

(2) 6 ✔

(3) 3

(4) 12

Q.233 If the phase difference between two interfering waves is an odd multiple of π, then the interference observed is:

यदि दो व्यतिकरण करने वाली तरंगों के बीच कलांतर π का विषम गुणज है, तो प्रेक्षित व्यतिकरण होता है:

(1) stationary / अप्रगामी

(2) constructive / संपोषी

(3) destructive / विनाशी ✔

(4) resonant / अनुनादी

Q.234 A sound-emitting object remains at rest, producing waves at a frequency of 360 Hz. If a listener moves away from the source at 60 m/s, and the speed of sound in air is 300 m/s, then what frequency is perceived by the moving listener?

ध्वनि उत्सर्जित करने वाली एक वस्तु विरामावस्था में रहते हुए 360 Hz आवृत्ति की तरंगें उत्पन्न करती है। यदि एक श्रोता 60 m/s की चाल से स्रोत से दूर जाता है, और वायु में ध्वनि की चाल 300 m/s है, तो गतिमान श्रोता द्वारा कितनी आवृत्ति अनुभव की जाती है?

(1) 600 Hz

(2) 500 Hz

(3) 288 Hz ✔

(4) 720 Hz

Q.235 For a particle in a transverse progressive wave, the displacement is:

किसी अनुप्रस्थ प्रगामी तरंग में किसी कण के लिए, विस्थापन होता है:

(1) along the wavefront / तरंगाग्र के अनुदिश

(2) zero / शून्य

(3) perpendicular to the direction of wave propagation / तरंग संचरण की दिशा के लंबवत ✔

(4) parallel to the direction of wave propagation / तरंग संचरण की दिशा के समांतर

Q.236 Accommodation of distinct vision by the human eye is achieved by:

मानव नेत्र द्वारा स्पष्ट दृष्टि का समंजन किसके द्वारा प्राप्त किया जाता है:

(1) changing the wavelength that eye sees / नेत्र द्वारा देखी जाने वाली तरंगदैर्ध्य को बदलकर

(2) increasing the intensity of the light / प्रकाश की तीव्रता बढ़ाकर

(3) changing the focal length of the eye's lens / नेत्र लेंस की फोकस दूरी को बदलकर ✔

(4) not closing the eyelids for a long duration / लंबे समय तक पलकें बंद न करके

Q.237 Which of the following increases the resolving power of a compound microscope?

निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त सूक्ष्मदर्शी की विभेदन क्षमता को बढ़ाता है?

(1) Using light of shorter wavelength / कम तरंगदैर्ध्य वाले प्रकाश का उपयोग करना ✔

(2) Reducing the numerical aperture / आंकिक द्वारक को कम करना

(3) Increasing the wavelength of the light used / प्रयुक्त प्रकाश की तरंगदैर्ध्य बढ़ाना

(4) Increasing the focal length of the objective / अभिदृश्यक की फोकस दूरी बढ़ाना

Q.238 A thin prism of refracting angle (A) 10° is made up of a material whose refractive indices for red and violet lights are 1.52 and 1.58, respectively. What is the angular dispersion (δ_m) produced by the prism?

अपवर्तक कोण (A) 10° वाला एक पतला प्रिज्म ऐसे पदार्थ से बना है जिसके लाल और बैंगनी प्रकाश के लिए अपवर्तनांक क्रमशः 1.52 और 1.58 हैं। प्रिज्म द्वारा उत्पन्न कोणीय परिक्षेपण (δ_m) कितना है?

(1) 31.0°

(2) 10.39°

(3) 15.2°

(4) 0.6° ✔

Q.239 The half-life of a given radioactive sample is 0.693 days. The time required for 60% of the nuclei to decay is _____ days.

किसी दिए गए रेडियोऐक्टिव नमूने की अर्ध-आयु 0.693 दिन है। 60% नाभिकों के क्षय होने में लगने वाला समय _____ दिन है।

(1) ln(1/0.4) ✔

(2) ln(0.6)

(3) ln(4)

(4) ln(1/0.6)

Q.240 If the velocity of a sound wave passing through the oxygen and hydrogen medium at the standard temperature and pressure (STP) is v_O and v_H, respectively, then which of the following is true?

यदि मानक ताप और दाब (STP) पर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन माध्यम से गुजरने वाली ध्वनि तरंग का वेग क्रमशः v_O और v_H है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(1) $v_O = 4v_H$

(2) $\mathbf{v_H = 4v_O}$ **✔**

(3) $v_H = v_O$

(4) $v_O = 2v_H$

Q.241 Avogadro's number is defined as the number of:

आवोगाद्रो संख्या को किसकी संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है:

(1) atoms in 1 mole of a substance / किसी पदार्थ के 1 मोल में परमाणुओं ✔

(2) molecules in 1 gram of a substance / किसी पदार्थ के 1 ग्राम में अणुओं

(3) molecules in 1 litre of gas at STP / STP पर 1 लीटर गैस में अणुओं

(4) electrons in 1 gram of a substance / किसी पदार्थ के 1 ग्राम में इलेक्ट्रॉनों

Q.242 A fluid flows steadily between two parallel plates spaced 0.01 m apart, creating a velocity gradient of 50 s^{-1}. If the shear stress developed in the fluid is 10 Pa, what is the coefficient of viscosity of the fluid?

एक तरल 0.01 m की दूरी पर स्थित दो समांतर प्लेटों के बीच स्थायी रूप से प्रवाहित होता है, जिससे 50 s^{-1} का वेग प्रवणता उत्पन्न होती है। यदि तरल में उत्पन्न अपरूपण प्रतिबल 10 Pa है, तो तरल का श्यानता गुणांक कितना है?

(1) 0.05 Pa.s

(2) 0.25 Pa.s

(3) 0.20 Pa.s ✔

(4) 0.15 Pa.s

Q.243 In a heat engine, if no heat is rejected to the sink ($Q_C = 0$), the efficiency will be _____.

किसी ऊष्मा इंजन में, यदि सिंक को कोई ऊष्मा अस्वीकृत नहीं की जाती है ($Q_C = 0$), तो दक्षता _____ होगी।

(1) −10%

(2) 50%

(3) 100% ✔

(4) 0%

Q.244 What is the relation between molar specific heat capacity at constant volume (C_V) and molar specific heat capacity at constant pressure (C_P) in case of an ideal gas? (R = universal gas constant)

किसी आदर्श गैस के लिए नियत आयतन पर मोलर विशिष्ट ऊष्मा धारिता (C_V) और नियत दाब पर मोलर विशिष्ट ऊष्मा धारिता (C_P) के बीच क्या संबंध है? (R = सार्वत्रिक गैस नियतांक)

(1) $C_P - C_V = R$ ✔

(2) $C_P/C_V = R$

(3) $C_PC_V = R$

(4) $C_P + C_V = R$

Q.245 What does the latent heat of fusion represent from the following?

निम्नलिखित में से गलन की गुप्त ऊष्मा क्या दर्शाती है?

(1) The heat energy needed to increase the temperature of a substance / किसी पदार्थ का ताप बढ़ाने के लिए आवश्यक ऊष्मा ऊर्जा

(2) The energy required to turn a liquid into vapour / किसी द्रव को वाष्प में बदलने के लिए आवश्यक ऊर्जा

(3) The heat energy required to convert a solid into a liquid at constant temperature / नियत ताप पर किसी ठोस को द्रव में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक ऊष्मा ऊर्जा ✔

(4) The energy released when a gas turns into liquid / किसी गैस के द्रव में बदलने पर मुक्त होने वाली ऊर्जा

Q.246 Soap bubbles are spherical in shape because:

साबुन के बुलबुले गोलाकार होते हैं क्योंकि:

(1) pressure inside is uniform / भीतर दाब एकसमान होता है

(2) gravity acts equally in all directions / गुरुत्व सभी दिशाओं में समान रूप से कार्य करता है

(3) surface tension tries to minimise surface area / पृष्ठ तनाव पृष्ठीय क्षेत्रफल को न्यूनतम करने का प्रयास करता है ✔

(4) atmospheric pressure is same everywhere / वायुमंडलीय दाब सर्वत्र समान होता है

Q.247 Each side of a cube is measured to be 7.203 m. What is the total surface area (in m^2) of the cube to appropriate significant figures?

किसी घन की प्रत्येक भुजा 7.203 m मापी गई है। उचित सार्थक अंकों तक घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल (m^2 में) कितना है?

(1) 311

(2) 311.3 ✔

(3) 311.29

(4) 310

Q.248 The term 'gauge pressure' refers to:

'गेज दाब' पद का संबंध है:

(1) pressure measured with respect to vacuum / निर्वात के सापेक्ष मापा गया दाब

(2) pressure measured with respect to zero depth / शून्य गहराई के सापेक्ष मापा गया दाब

(3) pressure measured with respect to atmospheric pressure / वायुमंडलीय दाब के सापेक्ष मापा गया दाब ✔

(4) pressure independent of fluid density / तरल के घनत्व से स्वतंत्र दाब

Q.249 A liquid changes its phase from liquid to a gas at constant temperature. Which of the following statements best describes the role of latent heat of vaporisation for this process?
एक द्रव नियत ताप पर अपनी अवस्था द्रव से गैस में बदलता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस प्रक्रम के लिए वाष्पन की गुप्त ऊष्मा की भूमिका का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(1) To increase the kinetic energy of the molecules / अणुओं की गतिज ऊर्जा बढ़ाना
(2) **To overcome the intermolecular forces of attraction / अंतराअणुक आकर्षण बलों पर विजय प्राप्त करना ✔**
(3) To increase the density of the substances / पदार्थों का घनत्व बढ़ाना
(4) To increase the temperature of the substance / पदार्थ का ताप बढ़ाना

Q.250 Which of the following factors is ignored in the ideal Bernoulli equation when applied to blood flow?
रक्त प्रवाह पर लागू करते समय आदर्श बर्नूली समीकरण में निम्नलिखित में से किस कारक की उपेक्षा की जाती है?

(1) Gravitational potential energy / गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा
(2) Pressure variations / दाब परिवर्तन
(3) Kinetic energy of blood / रक्त की गतिज ऊर्जा
(4) **Viscosity of blood / रक्त की श्यानता ✔**

Q.251 Which of the following physical phenomena is a direct result of surface tension?
निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक परिघटना पृष्ठ तनाव का प्रत्यक्ष परिणाम है?

(1) The boiling of water at 100^{o}C / 100^{o}C पर जल का उबलना
(2) **The spherical shape of a small liquid drop / किसी छोटी द्रव बूँद का गोलाकार आकार ✔**
(3) The sinking of a heavy stone in water / किसी भारी पत्थर का जल में डूबना
(4) The formation of an ice on a lake / किसी झील पर बर्फ का बनना

Q.252 The bulk modulus of the solid is defined as the ratio of _____ stress and _____ strain.
किसी ठोस के आयतन प्रत्यास्थता गुणांक को _____ प्रतिबल और _____ विकृति के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है।

(1) hydraulic; shear / द्रवचालित; अपरूपण
(2) **hydraulic; volume / द्रवचालित; आयतन ✔**
(3) pressure; shear / दाब; अपरूपण
(4) shear; hydraulic / अपरूपण; द्रवचालित

Q.253 The Bernoulli principle expresses which fundamental physical law in fluid motion?
बर्नूली सिद्धांत तरल गति में किस मूलभूत भौतिक नियम को व्यक्त करता है?

(1) **Law of conservation of energy / ऊर्जा संरक्षण का नियम ✔**
(2) Law of conservation of angular momentum / कोणीय संवेग संरक्षण का नियम
(3) Law of conservation of mass / द्रव्यमान संरक्षण का नियम
(4) Law of conservation of momentum / संवेग संरक्षण का नियम

Q.254 The upward force acting on an aerofoil moving through air due to the pressure difference between its upper and lower surfaces is known as:
वायु में गतिमान किसी वायुयान-पंख (एयरोफॉइल) पर उसकी ऊपरी और निचली सतहों के बीच दाबांतर के कारण कार्य करने वाला ऊर्ध्वमुखी बल कहलाता है:

(1) Bernoulli force / बर्नूली बल
(2) **Dynamic lift / गतिक उत्थापक बल ✔**
(3) Thrust / प्रणोद
(4) Viscous force / श्यान बल

Q.255 The equation of state of a perfect gas is expressed as PV = nRT, where R represents the _____.

किसी आदर्श गैस की अवस्था का समीकरण PV = nRT के रूप में व्यक्त किया जाता है, जहाँ R _____ को निरूपित करता है।

(1) ideal gas pressure / आदर्श गैस दाब

(2) universal gas constant / सार्वत्रिक गैस नियतांक ✔

(3) internal energy / आंतरिक ऊर्जा

(4) specific gas constant / विशिष्ट गैस नियतांक

Q.256 Which of the following materials exhibits high plasticity?

निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ उच्च सुघट्यता प्रदर्शित करता है?

(1) Steel / इस्पात

(2) Rubber / रबर

(3) Glass / काँच

(4) Lead / सीसा ✔

Q.257 Which of the following statements is true in case of mean free path of a molecule?

किसी अणु के माध्य मुक्त पथ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(1) It is not dependent on the number density and size of the molecule. / यह अणु के संख्या घनत्व और आकार पर निर्भर नहीं करता है।

(2) It is linearly proportional to the number density but inversely proportional to the size of the molecule. / यह संख्या घनत्व के रैखिक रूप से अनुक्रमानुपाती परंतु अणु के आकार के व्युत्क्रमानुपाती होता है।

(3) It is inversely proportional to the number density and size of the molecule. / यह अणु के संख्या घनत्व और आकार के व्युत्क्रमानुपाती होता है। ✔

(4) It is inversely proportional to the number density but linearly proportional to the size of the molecule. / यह संख्या घनत्व के व्युत्क्रमानुपाती परंतु अणु के आकार के रैखिक रूप से अनुक्रमानुपाती होता है।

Q.258 The dimensional formula of force is:

बल का विमीय सूत्र है:

(1) $[M^2LT^{-1}]$

